## खबर संक्षेप

### विधायक ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बूथ स्तर पर मजबूती का आह्वान

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बेरमा मंडल के ग्राम पंचायत करैया बिजुरिया एवं कुटाई का दौरा कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। विधायक ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और जिला संगठन से जीवंत संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया।

### नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यालय अब प्रातः 9 बजे से होंगे संचालित

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में गिरावट होने के कारण जिले अंतर्गत संचालित समस्त शालाओं के प्रारंभ होने का समय प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया था। कलेक्टर द्वारा आदेशानुसार वर्तमान में ठंड कम होने के कारण जिले में संचालित समस्त शासकीय,अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय,जवाहर नवोदय विद्यालय,आईसीएसई,सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 9 बजे नियत किया गया है। यह आदेश 22 जनवरी गुरूवार से प्रभावशील होगा।

### सिद्धबाबा आश्रम मऊ में 23 जनवरी से शुरू होगा तीन दिवसीय भव्य मेला



**मैहर।** ग्राम मऊ स्थित सिद्धबाबा आश्रम में बसंत पंचमी के अवसर पर विशाल धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस नेता पंडित रामनिवास उरमलिया ने बताया कि मेला 23 से 25 जनवरी तक चलेगा। 23जनवरी को अखंड संकीर्तन से मेले का शुभारंभ होगा। 25 जनवरी को सिद्ध बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा। दिल्ली के कलाकारों द्वारा भजन संध्या,संत सम्मेलन और मगराज की मशहूर रामलीला का मंचन (22से 26जनवरी) आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ऊषा उरमलिया और पंडित रामनिवास ने श्रद्धालुओं से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी को नगर में मांसाहारी पदार्थ का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने नागरिकों एवं मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले दुकानदारों को सूचित किया है कि वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस को मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय न करें। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# सतना में 'जहर' परोसने वाले रडार पर: कुशवाहा मंगौड़ी में डेंजर लेवल के करीब मिला तेल, 10 किलो सड़ी मूली भी ज़ब्त

**सतना।** शहरवासियों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले खाद्य कारोबारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' शुरू कर दी है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के सख्त निर्देशों पर आज खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख ठिकानों पर धमक दी। अत्याधुनिक टीपीएम मशीनों के साथ उतरे दल ने जब जांच शुरू की,तो कई चौंकाने वाले और डरावने तथ्य सामने आए।







### मौत के करीब पहुंची तेल की शुद्धता

बस स्टैंड स्थित मशहूर कुशवाहा मंगौड़ी में प्रशासन की जांच में तेल की गुणवत्ता 24 फीसदी पाई गई। यह आंकड़ा स्वास्थ्य के लिहाज से किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है,क्योंकि 25 फीसदी पर तेल पूरी तरह 'ज़हर' घोषित कर दिया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक,24फीसदी रीडिंग का मतलब है कि तेल अपनी तलने की क्षमता खो चुका है और कैंसर जैसी बीमारियों का कारक बन सकता है। इतना ही नहीं,कारखाने में 10 किलो सड़ी-गली मूली का उपयोग होते पाया गया,जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट करवाया। प्रशासन ने यहां से कुकिंग ऑयल और बेसन के 'लीगल सैंपल' जब्त कर लैब भेजे हैं।

### नमकीन इकाइयों पर भी 'हंटर',वसूले गए नमूने

खाद्य सुरक्षा दल ने औद्योगिक क्षेत्र की बड़ी इकाइयों पर भी शिकंजा कसा। के.के.नमकीन में तेल की रीडिंग 17.2 फीसदी मिली। दल ने नमकीन और रिफाइंड तेल के सैंपल लिए। जय बाबा इंडस्ट्रीज में 13.9 फीसदी रीडिंग मिली।पास्ता,बेसन और सेवईं के नमूने जांच हेतु लिए गए। पॉपुलर नमकीन में जांच के दौरान इकाई बंद पाई गई।

### अधिकारियों का अल्टीमेटम: लापरवाही पड़ी तो होगी जेल

अभिहित अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला ने स्पष्ट कर दिया है कि 20 फीसदी से अधिक टीपीएम वाला तेल 'वार्निंग ज़ोन' में है। दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे जले हुए तेल का दस्तावेजीकरण करें और उसे डिस्कार्ड करें। 24 फीसदी की रीडिंग एक गंभीर चेतावनी है। यदि लैब रिपोर्ट में तेल अमानक पाया गया, तो संबंधित संस्थान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत ऐसी कार्रवाई होगी जो शहर में नजीर बनेगी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मुनाफे के लिए जनता की सेहत की बलि चढ़ाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान अब हर छोटे-बड़े प्रतिष्ठान तक पहुंचेगा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा: जवरिन पंचायत में मजदूरों का हक मार रही जेसीबी, जिम्मेदार मौन



**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत ग्राम पंचायत जवरिन (जबारिन) में सरकारी योजनाओं की धज्जियां उड़ाते हुए भ्रष्टाचार का खुला खेल जारी है। जहाँ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है,वहीं जवरिन पंचायत में मजदूरों के पेट पर लात मारकर भारी-भरकम मशीनों से काम लिया जा रहा है।

हाल ही में पंचायत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है,जिसमें स्पष्ट देखा जा सकता है कि खेत तालाब का निर्माणकार्य मजदूरों के बजाय जेसीबी से कराया जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और ग्राम रोजगार सहायक की मिलीभगत से यह 'बंदरबांट' चल रहा है। एक तरफ गाँव के सैकड़ों मजदूर काम की तलाश में भटक रहे हैं,वहीं दूसरी ओर कागजों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर मशीनों से काम कराया जा रहा है ताकि सरकारी धन का सीधा गबन किया जा सके।

### नियमों को ताक पर रख निजी जमीन को लाभ

चौंकाने वाली बात यह है कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जल संरक्षण हेतु निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर सरकारी भूमि पर होने चाहिए। लेकिन यहाँ पंचायत के बरहा गाँव में निजी पट्टे की आराजी में खेत तालाब बनवाया जा रहा है। यह सीधे तौर पर शासकीय नियमों का उल्लंघन और पद का दुरुपयोग है।

### अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

क्षेत्रीय लोगों में इस धांधली को लेकर भारी आक्रोश है। सवाल यह उठता है कि क्या यह सब उच्च अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है? आखिर तकनीकी सहायक और उपयंत्री की नजरों से यह मशीनी कार्य कैसे ओझल है।

## प्रॉपर्टी टैक्स में 10 फीसदी बढ़ोतरी के विरोध में उतरा 'सर्व समाज', महापौर को सौंपा ज्ञापन

**सतना।** नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स में की गई 10 फीसदी की वृद्धि के खिलाफ शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त मंच 'सर्व समाज' ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को सर्व समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार से मुलाकात कर टैक्स बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की और इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज के संयोजक योगेश शर्मा ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि टैक्स में इस बढ़ोतरी का सीधा असर उन्हीं करदाताओं पर पड़ेगा जो पूरी ईमानदारी से समय पर अपना टैक्स भरते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नगर निगम को अपनी आय बढ़ाने के लिए जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने के बजाय अन्य विकल्पों और संसाधनों पर ध्यान देना चाहिए। शर्मा ने मांग की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए।



### महापौर का आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुनने के बाद महापौर योगेश ताम्रकार ने आश्वासन दिया कि वह जन भावनाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी परिषद की बैठक में इस विषय को रखा जाएगा और टैक्स बढ़ोतरी के निर्णय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर के विभिन्न प्रबुद्ध और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें विन्ध्य विकास फोरम एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा विप्र सेना एवं रॉयल राजपूत संगठन अभियंता एवं वास्तुविद संघ कायस्थ विचार मंच एवं उपभोक्ता उत्थान संगठन विश्व हिन्दू महासंघ एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस सतना मानव विकास कल्याण परिषद विभिन्न वार्ड विकास समितियां (वार्ड नं. 1, 29, 42, 44 विराट नगर एवं भरहुत नगर समिति) आदि शामिल थे।

## कलेक्टर और एसपी ने किया आईएसबीटी का औचक निरीक्षण



### व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बुधवार को नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के बैठने,पेयजल,सुरक्षा और बसों के आवागमन की व्यवस्थाओं को देखा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड की सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम कमिश्नर शैलेंद्र सिंह,डिप्टी कमिश्नर नगरनिगम सत्यम मिश्रा,आरटीओ संजय श्रीवास्तव,लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बी आर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों का निरीक्षण: कलेक्टर और एसपी पहुंचे कार्यक्रम स्थल

**मैहर।** आगामी 26 जनवरी के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। आज कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने प्रशासनिक टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परेड स्थल,मंच व्यवस्था,ध्वजारोहण स्थल,सुरक्षा और यातायात प्रबंधन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दिव्या पटेल व अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।



### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर आक्रोश,बुलडोजर कार्रवाई की मांग

**मैहर।** ग्राम पहाड़ी तालाब के पास 18 जनवरी को नाबालिग बच्ची के साथ हुए घृणित सामूहिक दुष्कर्म को लेकर क्षेत्र में भारी रोष है। इस घटना के विरोध में भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।महासंघ ने आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने और मामले को फास्टट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।ज्ञापन सौंपने के दौरान विष्णुधर उरमालिया,सुरेंद्र तिवारी,कैलाश द्विवेदी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पत्रकारों का हित सर्वोपरि,संगठन की मजबूती पर जोर: लल्लू महराज

**मैहर।** बुधवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ मैहर जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीनिवास चतुर्वेदी (लल्लू महराज) ने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा करना उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने जोर दिया कि संगठन की नीतियों का पालन करना सभी का दायित्व है। बैठक में जिलाध्यक्ष के साथ महासचिव बद्री पाठक,वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश गुप्ता और पीएल द्विवेदी का पुष्पहारों से स्वागत किया गया।बैठक के पश्चात सभी पत्रकारों ने मां शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।बैठक में रमाकांत दुबे,जवाहर संतानी,पंकज सुहाने सहित जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।



# कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखा रहा स्वास्थ्य विभाग



### परेड ग्राउंड में बच्चे हो रहे बेहोश, न डॉक्टर मिल रहे न दवाएं

**सतना।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के बीच पुलिस परेड ग्राउंड में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। भीषण उमस और थकान के बीच पीटी का अभ्यास कर रहे स्कूली बच्चे लगातार बेहोश होकर गिर रहे हैं,लेकिन मौके पर स्वास्थ्य टीम नदारद है। हद तो तब हो गई जब बुधवार को अभ्यास के दौरान आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे चक्कर खाकर गिर पड़े,जिसमें से एक छात्र को गंभीर चोट आई और काफी खून बह गया।

### कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश... फिर भी 'लापता' है टीम

हैरानी की बात यह है कि कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने स्पष्ट आदेश जारी किए थे कि 13 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक अभ्यास स्थल पर पर्याप्त दवाओं और एम्बुलेंस के साथ एक डॉक्टर की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाए। इस आदेश के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना और सिविल सर्जन को सौंपी गई थी। बावजूद इसके,13 जनवरी से अब तक स्वास्थ्य टीम केवल एक दिन (पिछले शुक्रवार) ही मैदान में नजर आई है।

### खून से लथपथ हुआ बच्चा,शिक्षकों ने ही संभाला मोर्चा

बुधवार को हुए हादसे ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है। करीब 8 से 10 बच्चे अभ्यास के दौरान जमीन पर गिर पड़े। एक बच्चे को गिरने से गंभीर चोट आई और उसका काफी खून बहने लगा। जब कोई मेडिकल सहायता नहीं मिली,तो वहां मौजूद शिक्षकों और प्रभारियों ने ही प्राथमिक उपचार किया और बच्चों को ग्लूकोज व बिस्कुट खिलाकर उनकी ऊर्जा लौटाने की कोशिश की। गनीमत रही कि किसी की जान पर नहीं बनी,लेकिन विभाग की यह अनदेखी किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है।





### 2000 से ज्यादा बच्चों की जान जोखिम में

वर्तमान में 47 स्कूलों के लगभग 2000 से ज्यादा बच्चे परेड ग्राउंड में पसीना बहा रहे हैं। 22 जनवरी को फाइनल रिहर्सल होनी है और 26 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को मिलाकर यह संख्या 3200 के पार पहुंच जाएगी। इतनी बड़ी तादाद में बच्चों की मौजूदगी के बावजूद डॉक्टरों का न होना विभाग की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### अधिकारी झाड़ रहे पल्ला

जब इस गंभीर लापरवाही के संबंध में जानकारी लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई,तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। कलेक्टर के आदेश की सरेआम अवहेलना और नौनिहालों के स्वास्थ्य से यह खिलवाड़ अब चर्चा का विषय बना हुआ है।



## खबर संक्षेप

### युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका



**शाहनगर।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरैना में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पुरैना के पड़ेरी रोड के समीप स्थित नाले में 30 वर्षीय युवक की लाश मिलने की सूचना मिली। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान प्रताप सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंच गई है पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया है ।

### अमानगंज में चोरियों का सिलसिला जारी

**अमानगंज।** नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला वार्ड नंबर एक का है, जहां अज्ञात चोर रात के अंधेरे में गल्ला से भरी पिकअप वाहन चोरी कर ले गए। फरियादी जितेंद्र गुप्ता पिता नरेश गुप्ता (उम्र 33 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर एक अमानगंज ने थाना अमानगंज पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार वह गल्ला खरीदी का कार्य करता है। उसकी पिकअप वाहन क्रमांक डट 35 ळ। 1017, जो उसके पिता नरेश कुमार गुप्ता के नाम पर पंजीकृत है, दिनांक 20 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे ड्राइवर मंगल दहायत द्वारा गल्ला लोड कर घर के सामने खड़ी की गई थी। पिकअप में कृषक पुरुषोत्तम महतेले पिता रामगोपाल महतेले, निवासी वार्ड क्रमांक 13 अमानगंज की 60 बोरी बटरी (कुल वजन लगभग 36 कुंटल) लोड थी। दिनांक 21 जनवरी 2026 को सुबह करीब 4रू30 बजे ड्राइवर ने फोन कर सूचना दी कि पिकअप घर के बाहर खड़ी नहीं है। फरियादी ने बाहर आकर देखा तो वाहन गायब मिला। अज्ञात चोर पिकअप वाहन सहित उसमें लोड गल्ला चोरी कर ले गए। मामले की शिकायत पर थाना अमानगंज पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में ले ली है। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में दहशत का माहौल है और नगर में रात्रि गश्त व सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### खाटू श्याम का भव्य-दिव्य दरबार



**पन्ना।** हिनौती श्री राम खेल मैदान में बाबा खाटू श्याम का भव्य एवं दिव्य दरबार सजा, जहां श्रद्धा और भक्ति से सराबोर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भक्ति गीतों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल "श्याम बाबा" के जयकारों से गूंज उठा। यह भव्य आयोजन खाटू श्याम बाबा के अनन्य भक्त जीतू रेले के जन्मदिन के अवसर पर किया गया, जिसमें समस्त खाटू श्याम परिवार की गरिमामयी मौजूदगी रही। सुसज्जित दरबार, आकर्षक विद्युत सजावट और भक्तिमय वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। भजन संध्या के दौरान एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। अंत में बाबा के दर्शन व आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

### दर्दनाक सड़क हादसा, दो युवक गंभीर



**पन्ना।** जिले के तख़ौरी मोड़ के पास आज एक भयावह सड़क दुर्घटना हो गई। बाइक से जा रहे अजय रैकवार (पिता पहाड़ी रैकवार), निवासी ग्राम टिकरी मोहन्द्रा एवं भारत सिंह, शिक्षक, निवासी वीरमपुरा की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद भी मौके से गुजर रहे लोग मूकदर्शक बने रहे। लंबे समय तक कोई भी व्यक्ति न तो एंबुलेंस को फोन करता दिखा और न ही पुलिस को सूचना दी गई। यह घटना समाज की संवेदनहीनता को दर्शाती है, जहां आज भी लोग मौत और पीड़ा का तमाशा देखते नजर आते हैं। इसी बीच प्रोफेसर डॉ. जयपाल सिंह लोधी ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत एंबुलेंस को फोन किया और दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। उनकी तत्परता से समय पर उपचार संभव हो सका। प्रशासन एवं आमजन से अपील है कि पीड़ितों के परिजनों तक यह सूचना शीघ्र पहुंचाई जाए, ताकि आगे की चिकित्सकीय एवं पारिवारिक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर मंगलसूत्र छीनने वाली

# अंतर्राज्यीय महिला गैंग के 6 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से रैकी कर धार्मिक आयोजनों/ कार्यक्रम स्थल को किया जाता था टारगेट**

**आरोपियों के कब्जे से दो सोने के मंगलसूत्र व घटना में प्रयुक्त ईको कार सहित करीबन 06 लाख का मशरुका किया गया जप्त।**

सलेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी 2026 को ग्राम श्यामगिरी में अड़गड़ानंद स्वामी जी के सत्संग कार्यक्रम के दौरान भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने की घटना को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग का पन्ना पुलिस द्वारा सफल खुलासा किया गया है।



**पन्ना।**

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में की गई। फरियादिया रूपा सिंह गोड निवासी ग्राम श्यामगिरी, थाना सलेहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी जेठानी एवं देवरानी के साथ सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। दोपहर लगभग 02:30 बजे, हेलीकॉप्टर के उतरने के दौरान अधिक भीड़ होने का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके तथा उनकी देवरानी रोशनी सिंह के गले से सोने के मंगलसूत्र झपट लिए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 22/2026, धारा 304(2) बीएनएस 2023 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सलेहा उनि. बलबीर सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा समीपवर्ती ग्रामों एवं क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों को अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु समझाइश दी गई। इसी सतत प्रयासों के फलस्वरूप कलदा क्षेत्र में कुछ संदिग्ध महिलाओं की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके सेसंदिग्ध महिलाओं को तत्काल अभिरक्षा में लिया गया।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपिया किरन ने पुलिस अभिरक्षा में बताया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे कार्यक्रमो/आयोजनो को चिन्हित करते है जहां अधिक भीड़भाड होने की संभावना है फिर वहां पहुंचकर अपने साथियों प्रभावती, सीमा, सुनीता, किरन एवं सुमन के साथ मिलकर भीड़-भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में महिलाओं के गले से मंगलसूत्र, गहने एवं रुपये छीनने की पूर्व नियोजित योजना बनाकर वारदातों को अंजाम देती थी।

आरोपियों द्वारा किराए की इको कार (क्रमांक न्च 54 ठ। 6961) से दिनांक 18 जनवरी 2026 को ग्राम श्यामगिरी पहुंचकर दो-दो एवं तीन-तीन की टीम बनाकर घटना को अंजाम दिया गया तथा चोरी किए गए मंगलसूत्रों को आपस में बांटने की योजना थी। सलेहा पुलिस द्वारा त्वरित, सतर्क एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

**बरामदगी-** आरोपियों की कब्जे से दो सोने के मंगलसूत्र, अनुमानित कीमत 1,00,000/- घटना में प्रयुक्त इको कार, अनुमानित कीमत 5,00,000/- इस प्रकार कुल लगभग 6,00,000/- की संपत्ति जब्त की गई है।

**नाम पता आरोपी-** 1. फीता उर्फ गीता, पति निपोरीचन्द्र, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम रहनी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.)

2. सुमन, पति रमेश , उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम रहनी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.)

3. किरन उर्फ माला, पति सतेन्द्र उर्फ मनटू, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना घोषी, जिला मऊ (उ.प्र.)

4. सीमा देवी, पति रामलखन, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम अमावाकला, थाना सरपतहा, जिला जौनपुर (उ.प्र.)

5. प्रभावती, पिता सौखा , उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम रहनी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.)

6. सुनीता, पति विजय, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम रहनी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.)

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही में उनि. बलवीर सिंह, सउनि. सुशील तिर्की, प्र.आर. आदित्य कुशवाहा, गोविन्द सिंह, रियाज मोहम्मद, राजेश प्रजापति, तेजवती, आर. बब्लू पटेल, भरत पाण्डेय, जीतेन्द्र एवं म.आर. प्रियंका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।





## जेके सीमेंट संचालित आईटीआई पुरैना के छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास, 44 छात्र स्टेट लेवल के लिए चयनित

**पन्ना।** यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ल्च्प्ज्), अमानगंज के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि संस्थान के छात्रों ने स्किल इंडिया प्रतियोगिता के डिस्ट्रिक्ट लेवल में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रतियोगिता में संस्थान के कुल 44 छात्रों का चयन किया गया है, जिन्होंने जिला स्तर की प्रतियोगिता सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। चयनित छात्र अब आगामी स्टेट लेवल प्रतियोगिता में अपने जिले एवं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन छात्रों ने ब्रिकलेइंग, वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग तथा रिन्यूएबल एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल का प्रभावशाली परिचय दिया है। संस्थान की स्थापना के पहले ही वर्ष में इस प्रकार की उल्लेखनीय उपलब्धि यह दर्शाती है कि यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उच्च गुणवत्ता का तकनीकी एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो छात्रों के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। जेके सीमेंट द्वारा संचालित यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सशक्त एवं दूरदर्शी पहल है, जो उन्हें आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। इस सफलता का श्रेय संस्थान के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं छात्रों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण को जाता है। संस्थान प्रबंधन ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए स्टेट लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## शाहनगर पंचायत ने बनाई राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की पहचान प्रदेश स्तर में सम्मान आत्मनिर्भरता को लेकर पहले ही किया हासिल

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्षन में पंचायत की राह हुई तय जिले का गौरव बन रही उदाहरण पंचायत शाहनगर**



**पन्ना।**

वैसे तो जिले की शाहनगर पंचायत अपने आप में जहां एक जनपद पंचायत के रूप में जहां इस पंचायत मुख्यालय में कार्यालय में वहीं अन्य कई कार्यालय भी संचालित है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैसा अस्पताल इतना ही नहीं थाना शाहनगर वहीं इस पंचायत को आज भी पंचायत मानकर जो चला जा रहा है इस पंचायत को तो नगर पंचायत का दर्जा हासिल करने के लिए अभी विगत कुछ समय मध्यप्रदेष के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर यह मांग रखी गई थी वहीं इस पंचायत ने जहां जिले की पंचायतों में राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने को लेकर अभी हाल में ही पुणे महाराष्ट्र में सराहा गया। इतना ही नहीं शाहनगर ग्राम पंचायत को मध्यप्रदेष की राजधानी भोपाल में आत्मनिर्भर पंचायत के रूप में सम्मान से नवाजा गया हैं। यह पंचायत प्रगति के आयाम तय करने को लेकर जहां आत्मनिर्भरता की राह तय करने से जहां अन्य पंचायतों के लिए उदाहरण बनी है। इस पंचायत में नल कनेक्षन तथा पंचायत क्षेत्र में बनी दुकानों से पंचायत की आय प्रमुख मानी जाती है। जिससे कहीं न कहीं आत्मनिर्भरता का मार्ग तय होना प्रमुख बना। इतना ही नहीं इस पंचायत में बाजार के दिन कहीं न कहीं बैठकी लेना सूत्रों की माने तो चर्चा में रहती है। मामला चाहे जो हो पंचायत आत्मनिर्भरता को लेकर जहां आगे बढ़ी जिससे प्रदेष स्तर पर सम्मान हासिल किया। वहीं राष्ट्रीय स्तर तक राह तय करने को लेकर जो पहचान बनाई इसके पीछे पंचायत के सरपंच जो कहीं न कहीं जिले की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का मार्गदर्षन जो मिला जिससे आज पंचायत को राष्ट्रीय स्तर तक का मार्ग जो तय होना सामने आया। जिसके लिए पंचायत सरपंच व पंचायत के सचिव के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के कार्यालय में पहुंचकर बुद्धि के देवता प्रथम पूज्य भगवान गणेष की प्रतिमा भेंट करते हुए सम्मान से नवाजा। जिनके मार्गदर्षन में पंचायत को राष्ट्रीय स्तर तक का मार्ग जो प्रषस्त हुआ निष्चितौर पर जिले के लिए यह अच्छी खबर सोषल मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## पतने नदी किनारे ईंट भट्टों के पास मिला मानव भ्रूण, जांच में जुटी पुलिस





**पवई।**

पवई की पतने नदी के किनारे स्थित ईंट भट्टों के पास मानव भ्रूण मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शाम के समय नदी किनारे ईट भट्टे से ईंट उठाने गए ट्रैक्टर ड्राइवर की नजर जब भ्रूण पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पवई पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की जांच प्रारंभ की। पुलिस ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की तथा भ्रूण को सुरक्षित रूप से अपने कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भ्रूण यहां कैसे पहुंचा। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए, जिससे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि भ्रूण को विस्तृत जांच के लिए फॉरेंसिक लैब सागर भेजा जाएगा। फॉरेंसिक जांच से यह पता लगाया जाएगा कि भ्रूण कितने माह का है, उसका लिंग क्या है एवं डीएनए और यह मामला प्राकृतिक गर्भपात से जुड़ा है या किसी ने जानबूझकर अवैध गर्भपात (एबॉर्शन) कराया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के ईंट भट्टों, वार्ड 13 के इलाकों तथा स्वास्थ्य केंद्र से भी जानकारी एकत्र कर रही है। साथ ही हाल के दिनों में हुए प्रसव या गर्भपात से जुड़े मामलों की भी पड़ताल की जा रही है, ताकि सच्चाई सामने लाई जा सके। फिलहाल पवई पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो बिना झिझक पुलिस को सूचित करें, जिससे दोषियों तक जल्द पहुंचा जा सके।

## सांदीपनी विद्यालय पवई का शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण संपन्न

**पवई**




सांदीपनी विद्यालय पवई द्वारा आज शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। नवीन व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड अंतर्गत कृषि फ्लोरीकल्चर, सोलेनेसी तथा हेल्थ केयर ट्रेड के छात्र-छात्राओं के साथ ही कक्षा 12वीं के विज्ञान, गणित, कला एवं वाणिज्य संकाय के एक सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों ने एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा औद्योगिक व अकादमिक वातावरण से प्रत्यक्ष परिचय कराना रहा। एकेएस यूनिवर्सिटी पहुंचने पर विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण सुविधाओं एवं करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा कृषि, फ्लोरीकल्चर, हेल्थ केयर सहित अन्य विषयों में रोजगार एवं उद्यमिता की संभावनाओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। भ्रमण दल के साथ व्यावसायिक शिक्षक रोहित बहरे एवं श्रीमती रूपा सेन के साथ विद्यालय के प्राचार्य आर.के. नगायच, आर.के. श्रीवास्तव, एस.एस. कुंवर, लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार, मुकेश जायसवाल, अमित गुप्ता, श्रीमती रूप नगायच एवं श्रीमती सुचेता नामदेव उपस्थित रहे। शैक्षिक भ्रमण दल के लिए प्रातः 10 बजे दो बसें आरक्षित कर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं, जिससे उन्हें पाठ्यपुस्तकों से इतर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। विद्यार्थियों ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त

## सामूहिक दवा सेवन के आयोजन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई द्वितीय बैठक

**पन्ना।**



पन्ना जिले में फायलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से गत सोमवार को जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सामूहिक दवा सेवन के आयोजन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक हुई। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों को एमडीए कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा केन्द्र समन्वयक को स्कूलों में बूथ लगवाए जाने एवं समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दवासेवक के रुप में कार्य करने एवं इस संबंध में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी द्वारा फायलेरिया नियंत्रण के लिए संचालित सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करना आवश्यक है। इसके लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में माईक्रोप्लान तैयार कर एवं जिला स्तर पर प्रेषित कर दवासेवकों का प्रशिक्षण कराएंगे। विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में अंतरविभागीय बैठक के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने एमडीए गतिविधियों के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि अभियान अंतर्गत दो वर्ष से ऊपर की समस्त जनसंख्या को डीईसी, एल्वेन्डाजोल एवं आइवरमेक्टिन की गोलियों का सेवन करवाया जाएगा। आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रथम चार दिवस स्कूल, महाविद्यालय एवं कार्यालय में बूथ लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन दवासेवक अपने समक्ष कराएंगे। 14 से 20 फरवरी तक घर-घर जाकर समक्ष में फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। छूटे हुए लोगों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता 21 से 25 फरवरी तक दवा सेवन करवाएंगे। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि पन्ना जिले में रहने वाले एवं यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में एक बार दवा का सेवन करना जरुरी है, क्योंकि फायलेरिया संक्रमित व्यक्ति में एक बार लक्षण उत्पन्न होने के बाद इसका कोई भी उपचार नहीं है। दवा सेवन से शरीर के अंदर आए हुए फाइलेरिया के परजीवी कृमि को रक्त में ही समाप्त कर हाथीपांव बीमारी से बचाव करते हैं। इस दवा के सेवन से बच्चों के पेट में पाए जाने वाले कृमि भी नष्ट होते हैं, जिससे कुपोषण से बचाव होता है।

**खबर संक्षेप**

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी में रहने वाली कोमल यादव पत्नी दशरथ यादव, उम्र 32 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना के बाद परिवार एवं स्थानीय लोगों में हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार बीते रोज कोमल यादव अपने घर में संदिग्ध स्थिति में बेहोश या मृत अवस्था में पड़ी मिली थीं। सूचना मिलते ही उनके पति दशरथ यादव उन्हें तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की गहराई से जांच के लिए बुधवार को जिला अस्पताल में मृतिका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है, लेकिन संदेह की स्थिति को देखते हुए सभी पहलुओं पर गहन पड़ताल की जा रही है। यदि पोस्टमार्टम में कोई अपराध की आशंका सामने आती है तो उचित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

## कलेक्टर-एसपी ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों का किया निरीक्षण



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन ने 23 जनवरी 2026 को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल के आगमन की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश कुमार कुशवाह, कुलसचिव डॉ. यशवंत सिंह पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में मंच व्यवस्था, आवागमन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, फोटो सेशन, दीक्षांत उद्बोधन सहित आदि कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को प्रोटोकॉल के साथ व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# डॉक्टर केके वैद्य की फिर हुई घर वापसी !

**पहुंचे प्रशिक्षण केंद्र नौगांव, डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने उपसंचालक कृषि का किया पदभार ग्रहण**

### दुर्भाग्य! जिस जिले का कृषि विभाग का मंत्री प्रभारी मंत्री हो उसी जिले को 3 साल से नहीं मिला स्थाई उपसंचालक कृषि, एक साल में बदले गए 3 प्रभारी उपसंचालक कृषि

छतरपुर।

छतरपुर जिला बीते करीब 3 वर्ष से प्रभारी उपसंचालक कृषि के भरोसे चल रहा है।

**तत्कालीन उपसंचालक कृषि डॉक्टर केके वैद्य**

सबसे बड़ा दुर्भाग्य तो यह है कि प्रदेश सरकार का कृषि विभाग का मंत्री एदल सिंह कंषाना छतरपुर जिले के प्रभारी मंत्री है, फिर जिले को 3 साल से नहीं मिला स्थाई उपसंचालक कृषि। एक साल में बदले गए 3 प्रभारी उपसंचालक कृषि, और एक माह में बदले गए 2 प्रभारी उपसंचालक कृषि। तत्कालीन उपसंचालक कृषि डॉक्टर केके वैद्य पहुंचे प्रशिक्षण केंद्र नौगांव और प्रभारी उपसंचालक कृषि डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने किया आज पदभार ग्रहण।

#### छतरपुर जिले को आज दिनांक तक कोई स्थाई

उपसंचालक कृषि अधिकारी नहीं मिल सका। जिससे जिले के कृषि विभाग की व्यवस्थाएं चौपट होती जा रही है। और स्थिति यह बन रही है कि कृषि विभाग के अंदर ही कई गुट पैदा हो गए है जो एक दूसरे की खीचातानी में लगे रहते है ना कि कृषि से संबंधित विकास कार्यो में। उपसंचालक कृषि कार्यालय छतरपुर में बीते 3 वर्षो में जो सहायक संचालक कृषि के पद पर पदस्थ थे उन सभी सहायक संचालकों को शासन द्वारा उपसंचालक कृषि का प्रभार देकर नवाजा गया, लेकिन आज दिनांक तक स्थाई उपसंचालक कृषि छतरपुर को नहीं मिल पाया।

#### छतरपुर जिले में शासन कि गाइडलाइन की उड़ाई जा रही धज्जियां -

मध्य प्रदेश शासन के स्पष्ट निर्देश व गाइडलाइन है कि कोई भी सहायक संचालक 3 साल से अधिक एक जिले में नही रह सकता है, लेकिन डॉ.के.के बैद्य शासन के इस निर्देश के विपरीत छतरपुर जिले में 12 साल से अपनी सेवायें दे रहे है। वह मूलतः मऊसहानियां के रहने वाले बताये जा रहे, लेकिन रिकार्ड में झांसी का पता दर्शाए हुए है। इसलिए उन्हें अभी तक किसी ने हटाने की नही सोची है और उनका पैर छतरपुर जिले में अंगद की तरह जमे हुये है,जो जांच का विषय है।




#### खरीफ फसल के सैम्पल पाए गए अमानक -

डॉ.के.के बैद्य के कार्यकाल में खरीफ फसल 2025 के बीज नमूने पहले परीक्षण के लिए ग्वालियर की प्रयोगशाला लेब भेजे गए, जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार सागर की प्रयोगशाला लेब भेजा जाना चाहिए था। लेकिन वही बीज के सैम्पल ग्वालियर से लौटकर सागर पहुंचाये गए और इस बीच लगभग एक माह का समय लग गया और एक माह तक सैम्पल बंद रहे। जिससे सैम्पल एस-2-एस-4-एस-6 अमानक पाए गए इसमें तत्कालीन उपसंचालक कृषि बैद्य की लापरवाही देखने को मिली। इनके कार्यकाल में एक और गड़बड़ी यह देखने को मिली कि उन्होंने निजी सहकारी समितियों के नाम लाईसेंस जारी कर दिए जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि सहकारी समितियों को ही लाईसेंस जारी किए जाए।

#### आखिर कब तक प्रभारी उपसंचालक के भरोसे चलता रहेगा कृषि विभाग छतरपुर -

लगातार देखने को मिल रहा है कि कृषि उपसंचालक का पद फुटवाल की बॉल की तरह बन चुका है। चाहे जब किक मारो और उछाल दो। ऐसे में शासन द्वारा मनाया जाने वाला कृषि कल्याण बर्ष 2026 फ्लॉप हो जाएगा। क्योंकि जब तक स्थाई उपसंचालक पदस्थ नहीं होगा तब तक शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी सही तरीके से नही होगा। कृषि कल्याण बर्ष 2026 मनाए जाने के लिए मंडी प्रागंण में हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया था लेकिन कृषि उपसंचालक ने आज दिनांक तक कोई प्रचार प्रसार नहीं करवाया। अब किसानों के सामने यह प्रश्न है कि आखिर कब तक कृषि उपसंचालक का पद प्रभारियों के भरोसे चलता रहेगा।

# आईटीआई कॉलेज में लगा लर्निंग लाइसेंस शिविर

### 50 से अधिक विद्यार्थियों को जारी किए गए परमिट

**छतरपुर। जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत मंगलवार को आईटीआई कॉलेज परिसर में विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सरल, पारदर्शी प्रक्रिया से लर्निंग लाइसेंस उपलब्ध कराना था।**



अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मधु सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में आईटीआई के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान 50 से अधिक विद्यार्थियों को मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिए गए। आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों ने अभ्यर्थियों की आवश्यक जांच, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा दस्तावेजों का सत्यापन सुचारु रूप से पूरा किया। शिविर को संबोधित करते हुए अतिरिक्त आरटीओ मधु सिंह ने विद्यार्थियों से कहा, सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन करके ही हम दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सभी युवा वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा हमेशा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाएं।

आईटीआई कॉलेज प्रशासन ने इस पहल के लिए आरटीओ विभाग का आभार व्यक्त किया। प्रशासन ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं, क्योंकि इनसे उनका समय बचता है और उन्हें घर से बाहर जाकर बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिविर के सफल आयोजन से परिसर में विद्यार्थियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

# सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को दतिया से किया गिरफ्तार

छतरपुर। थाना सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की एक घटना में मात्र 24 घंटे के अंदर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चुराया गया बजाज गोगो कंपनी का इलेक्ट्रिक रिक्शा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये है, सफलतापूर्वक बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार विगत दिनों थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के निकट एक लॉज के पास से ई-रिक्शा चोरी की शिकायत फरियादी आकाश जाटव निवासी मलपुरा, जिला दमोह ने दर्ज कराई थी। इस पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल से भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए, सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। साथ ही छतरपुर जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सूचना मिली कि चुराया गया ई-रिक्शा जिला दतिया की ओर जा रहा है। पुलिस ने पीछा करते हुए दतिया दिशा में वाहन को ट्रेस किया और बजाज गोगो कंपनी का मूल्यवान इलेक्ट्रिक रिक्शा बरामद कर लिया।



आरोपी की पहचान अनूप सिंह उर्फ बंटी परमार पिता महेंद्र सिंह, निवासी पोरसा जिला मुरैना, वर्तमान में महाराजपुर जिला छतरपुर के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपी पूर्व में लूट एवं मारपीट जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त रहा है।

इस सफल ऑपरेशन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा गुर्जर, उप निरीक्षक जितेंद्र सोनी, सहायक उप निरीक्षक मथुरा प्रसाद, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र, आरक्षक दीप सिंह, पहाड़ सिंह एवं साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छतरपुर में वर्टिकल गार्डन की बदहाली

### 44 लाख की लागत के पौधे सूख रहे, देखरेख का अभाव

**छतरपुर। नगर पालिका द्वारा शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लगाए गए वर्टिकल गार्डन अब उपेक्षा का शिकार हो गए हैं। करीब 44 लाख रुपये की लागत से विभिन्न चौराहों और प्रमुख स्थानों पर स्थापित इन वर्टिकल गार्डनों में लगे पौधे तेजी से सूखने लगे हैं। नगर पालिका की ओर से न तो सिंचाई की जा रही है और न ही सूखे पौधों को बदला जा रहा है।**



सबसे अधिक स्थिति कॉलेज तिराहे पर खराब है, जहां अधिकांश पौधे सूख चुके हैं। इसके अलावा एसपी ऑफिस, कलेक्टर कार्यालय के समीप और अन्य चौराहों पर भी पौधों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इन गार्डनों को शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने का दावा किया गया था, लेकिन रखरखाव की कमी से अब ये केवल ढांचे बनकर रह गए हैं। स्थानीय अधिवक्ता प्रशांत सिंह भदौरिया ने इस मामले पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा नगर पालिका को इन लाखों रुपये की लागत से लगाए गए वर्टिकल गार्डनों पर ईश्वर की तरह ध्यान देना चाहिए। इनकी उचित देखरेख सुनिश्चित की जानी चाहिए, अन्यथा जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है। इस संबंध में जब संबंधित उपयंत्री नीतेश चौरसिया से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

छतरपुर।



माय भारत छतरपुर के अंतर्गत विकासखंड गौरिहार की ग्राम पंचायत पड़वार के शासकीय माध्यमिक शाला मैदान में दिनांक 18 से 19 जनवरी 2026 तक दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में युवाओं और ग्रामीण प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष अमित बाजपेई, समाजसेवी मनोज दीक्षित, शगुन गुड्डू त्रिपाठी, सरपंच ग्राम पंचायत पड़वार मीरा यादव, जयकरण यादव, जनपद सदस्य, शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक मुलायम सिंह यादव, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा कृष्ण बिहारी त्रिपाठी, स्वयंसेवक एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती, धीमी साइकिल दौड़ तथा 200 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागी टीमों एवं व्यक्तिगत खिलाडियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि दिलीप अहिरवार द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ग्राम पड़वार की टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि सिद्धपुर टीम उपविजेता रही। खो-खो बालिका वर्ग में सिद्धपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पड़वार उपविजेता रही। अन्य ग्रामों जैसे पहरा, परेई, गोयरा, गोरिहार, चूहा खेड़ा आदि से भी टीमें एवं प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य अतिथि दिलीप अहिरवार ने खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम स्पिरिट और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने कौशल को निखारने का आह्वान किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक आयोजित

### विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम से इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा का बेहतर परिणाम लाने के दिए गए निर्देश

### कमजोर छात्रो को बिना मानसिक दबाव के करे मोटिवेटः गौरव बैनल

**सिंगरौली। हाई स्कूल एवं हायर सेकन्ड्री के बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम से इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने हेतु रणनीति तैयार कर बचे हुयें समय में उतकृष्ट परिणाम हेतु प्रयास करे उक्त आशय का निर्देश जिला पंचायत सभागार में आयोजित शासकीय विद्यालयो के प्राचार्यो की बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा दिया गया।**



कलेक्टर ने बैठक के प्रारंभ में ऐसे विद्यालय जिनके विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम संतोष जनक नही थे संबंधित विद्यालय के प्राचार्यो से इस वर्ष के परिणामो को बेहतर बनाने के किए जा रहे तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही किस विषय मे बच्चे अनुत्तरीर्ण हुयें थे उसके संबंध में जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि कमजोर छात्रो को चिन्हित करते हुयें विषयवार वर्गीकरण कर उनके कमजोर विषयों में रेमिडियल क्लास के माध्यम से अभ्यास करायें। साथ ही ऐसे छात्र जो विद्यालय में अनुपस्थित रहते है उनके अभिभावको से सम्पर्क कर छात्रो को प्रति दिन विद्यालय में भेजने हेतु प्रेरित करे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रो को बिना मानसिक दवाब के बेहरत परीक्षा परिणाम लाने हेतु प्रोत्साहित करे। तथा उड़ान प्रोजेक्ट एवं निखार प्रोजेक्ट के तहत छात्रो को पिछले तीन वर्ष के प्रश्नो का नियमिति रूप से अभ्यास करायें साथ ही डाउट क्लियरिंग सत्र आयोजित कर छात्रो के शंकाओ का समाधान करे। बैठक के दौरान कलेक्टर के संज्ञान में यह बात आई की देवसर विकास खण्ड अंतर्गत विद्यालयो के परीक्षा परिणाम चितरंगी विकास खण्ड के तुलना में कम रहे है कलेक्टर ने देवसर क्षेत्रांतर्गत विद्यालय के प्राचार्यो को बेहतर रणनीति तैयार कर उतकृष्ट परीक्षा परिणाम लाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनके टीम को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओ का समय कम है जिन विद्यालयो के परीक्षा परिणाम विगत वर्ष में कम रहे उनमें विशेश निगरानी रखे।

कलेक्टर को चितरंगी क्षेत्र के दूरांचल विद्यालय बगदरा के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि 10 वी एवं 12 कक्षा के अध्ययनरत कुछ छात्र दूसरे प्रदेशो में कार्य कर रहे है जिससे उनकी उपस्थित कम है कलेक्टर ने इस तथ्य को गंभीरता पूर्वक लेते हुयें निर्देश दिए कि नाबालिग छात्रो से काम कराने के लिए ले जाने वाले व्यक्तियो, संविदाकारो को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाही हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करे। बैठक के अंत में कलेक्टर ने उपस्थित प्राचार्यो से आपेक्षा किया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष विद्यालयो का परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा। तथा सिंगरौली जिले के छात्र बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट में अपना स्थान बनायेगे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आर.एल शुक्ला, सहायक संचालक शिक्षा विभाग कविता त्रिपाठी सहित विद्यालयो के प्राचार्य गण उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड गौशाला में 2 दर्जन से अधिक गोवंश की मौत

नौगांव/छतरपुर। जिले की सबसे बड़ी बुंदेलखंड गौशाला में पिछले एक सप्ताह के दौरान लगभग दो दर्जन गायों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने जांच टीम भेजी, जिसने मौके पर पहुंचकर चौंकाने वाली तस्वीरें सामने लाईं। गौशाला प्रबंधक ने स्वीकार किया कि चारे की व्यवस्था न होने के कारण रोजाना 2 से 3 गायें मर रही हैं।



गौशाला 200 से अधिक बीघा भूमि में फैली हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसकी लगभग 90 प्रतिशत जगह आसपास के गांवों के किसानों को पट्टे पर दे दी गई है। इन किसानों ने अपनी-अपनी हिस्सेदारी पर फेंसिंग कर रखी है, जिसके कारण गायों को घूमने-चरने और भरपेट चारा मिलना मुश्किल हो गया है। परिणामस्वरूप भूख और कमजोरी से गोवंश की मौतें हो रही हैं। इसके अलावा बीते हफ्ते गौशाला परिसर में कई कुत्तों और सियारों की भी मौत हुई है। नौगांव एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि कई गायें पहले से ही कमजोर थीं। एक मृत गाय के पेट में पॉलीथीन भी मिली। पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम किया और बताया कि गौशाला में अधिकांश गायें कुपोषित हैं। एसडीएम ने मृत गायों को ठीक ढंग से दफनाने के निर्देश दिए हैं तथा गौशाला अध्यक्ष को कमजोर गायों के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था करने को कहा है।

यह घटना जिले की सबसे बड़ी गौशाला की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि इतनी विशाल भूमि होने के बावजूद गायों के लिए चारे और पानी की उचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई। प्रशासन ने जांच पूरी करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन फिलहाल मौतों का सिलसिला जारी है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

छतरपुर। एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिलिंद नागदेवे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय समारोह 25 जनवरी 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के शताब्दी हॉल में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाना है।

जिला स्तर पर आयोजित किये जा रहे समारोह को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये अनुविभागीय एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-51 छतरपुर को नोडल अधिकारी एवं विजय कुमार तिर्की, वित्त नियंत्रक, छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंचः एनटीपीसी विंध्याचल की पहल से क्रिकेट टूर्नामेंट का आग़ाज़

**सिंगरौली। एनटीपीसी खेलों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत 20 जनवरी, 2026 को मिनी स्टेडियम, नवजीवन विहार, विंध्यनगर में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पाँच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की 20 टीमों ने भाग लिया, जिससे आयोजन को खासा उत्साह और जनभागीदारी मिली। उद्घाटन मुकाबला अनपरा और सरसवाह की टीमों के बीच खेला गया।**

उद्घाटन समारोह में स्टेशन की ओर से कार्यपालक (सीएसआर) श्री निखिल जायसवाल की उपस्थिति रही, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीमती श्यामला देवी वर्मा सहित अनेक स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेलों के माध्यम से समावेशी सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है, जो एनटीपीसी की सामाजिक उत्तरदायित्व की सोच को प्रतिबिंबित करता है।

## क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान विंध्याचल द्वारा श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आरएलआई विंध्याचल ने 19 एवं 20 जनवरी, 2026 को "नई श्रम संहिताएँ" विषय पर अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चारों समेकित श्रम संहिताओं तथा उनके कार्यस्थल पर प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रशिक्षण चार बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें विंध्याचल, सिंगरौली एवं रिहंद से आए कर्मचारी, एसएमसी सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री अमर नाथ वर्मा, पूर्व कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी के स्वागत के साथ श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्री साहा ने वैधानिक जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नई श्रम संहिताओं की समझ, बदलते औद्योगिक परिवेश में अनुपालन सुनिश्चित करने तथा श्रम संबंधी मुद्दों के प्रभावी प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समेकित श्रम संहिताओं से प्रक्रियाएँ सरल हुई हैं और उनके क्रियान्वयन में स्पष्टता आई है। उन्होंने आरएलआई विंध्याचल की इस पहल की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में एकरूपता एवं व्यावहारिक समझ को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए समिति गठित

रीवा । सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले की प्रमुख सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए प्रत्येक अनुभाग में समिति गठित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सड़कों पर पशुओं के भ्रमण के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसे रोकने के लिए अनुभाग स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सीएमओ नगर परिषद, तहसीलदार, पशु चिकित्सा अधिकारी, बीएमओ, बीईओ तथा स्थानीय समाजसेवियों को शामिल किया गया है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा विकास कार्यों के लिए समन्वित प्रयास करें - मुख्य सचिव



रीवा । मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानून और व्यवस्था तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक माह में कम से कम दो दिन संयुक्त रूप से बैठक तथा दौरा करें। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास करें। कलेक्टर शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की हर माह समीक्षा करें। समीक्षा बैठक में विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक की गतिविधियों की निगरानी करें। विकास कार्यों और जनकल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रकरण तय की गई समय सीमा में निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी योजना में चिन्हित सभी सेवाएं तय समय सीमा में आमजनों को उपलब्ध कराएं। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करें। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्थाओं में आधुनिक सूचना संचार तकनीक का उपयोग करें। योजनाओं के संबंध में उपलब्ध डाटा का ठीक से विश्लेषण करके समुचित कार्यवाही करें। हर योजना और कार्यक्रम की तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सुशासन की स्थापना के लिए प्रशासन को जनकल्याणकारी और उत्तरदायी बनाएं। कलेक्टर ग्रामीण विकास के कार्यों की भी हर महीने समीक्षा करें। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में प्रभावी कार्यवाही करें। शिशु मृत्यु दर तथा मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए जिला तथा विकासखण्ड स्तर तक समुचित प्रबंध कराएं। गर्भवती महिलाओं का समय पर शत-प्रतिशत पंजीयन, नियमित जाँच तथा एनिमिक गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल की निगरानी करें। कम वजन तथा कम पोषण वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के प्रयासों की भी कलेक्टर सतत निगरानी करें।बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं तथा उनसे होने वाली असमय मौतें रोकना हमारे लिए बड़ी चुनौती है। सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजित करके जिले के ब्लैक स्पॉट में सुधार, यातायात नियमों का कठोरता से पालन एवं दुर्घटना होने पर पीड़ति को तत्परता से सहायता मिलना सुनिश्चित करें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे दुर्घटना पीड़ति को गोल्डन ऑवर में सहायता मिल सके। शासन द्वारा दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपए तक की तात्कालिक उपचार सहायता निःशुल्क देने की व्यवस्था की गई है। इस योजना में 1600 अस्पतालों को शामिल किया गया है। सड़क सुरक्षा के लिए व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाएं। मुख्य सचिव ने 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी शासकीय वाहनों को स्क्रैप करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में सात दिनों में पीड़ति को राहत राशि की प्रथम किश्त देने की व्यवस्था करें। पुलिस और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी साप्ताहिक टीएल बैठक में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत करके इनका निराकरण कराएं। इन प्रकरणों पर संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। कलेक्टर भारतीय न्याय संहिता के तहत ई समन तथा ई साक्ष्य व्यवस्था को भी लागू कराएं। साथ ही सभी शस्त्र लायसेंस ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि यह वर्ष प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रयास करें। किसानों को खेत की मिट्टी का परीक्षण कराकर मृदा कार्ड बनवाने तथा खाद और पानी के संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित करें। ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर से सिंचाई को बढ़ावा दें। प्राकृतिक खेती तथा उद्यानिकी फसलों के लिए प्रत्येक जिले में क्लस्टर बनाएं। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र जारी कराएं। नगरीय निकायों में पेयजल की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी करें। पानी की टंकियों की सफाई तत्काल कराएं। पेयजल पाइपलाइन में लीकेज को 48 घंटे की समय सीमा में सुधारें। सभी पेयजल पाइपलाइनों को अमृत रेखा ऐप में दर्ज कराकर उससे निगरानी करें। मुख्य सचिव ने मनरेगा योजना की वित्तीय प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से स्वसहायता समूहों के वित्त पोषण तथा नेशनल क्लियर एयर प्रोग्राम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा संबंधित विभागाध्यक्षों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

### रोजगार मेले में 340 युवाओं को मिला रोजगार

रीवा । युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में एमपी बिरला आईटीआई रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 448 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 17 कंपनियों ने 340 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ईगल हाईटेक इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेट प्रा. लि. औरंगाबाद में 40, रिन्यू फोटोवॉल्टाई सीएस प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात में 14, सिटी कार प्रा. लि. सतना में 22, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा में 10, आमधनी आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात में 3, आमधनी बजाज आटो लिमि. चाकन/औरंगाबाद में 25, आमधनी कल्पतारू प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लि. गांधी नगर गुजरात में 2, बिरला केबिल प्रा. लि. रीवा में 25, ब्राम्हादेवी इंजीनियरिंग इंदौर में 7, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार में 15, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान में 11, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा में 14, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 18, बजाज लाइफ इंश्योरेंस प्रा. लि. रीवा में 51, सीआईआई एमसीसी गुजरात में 35, गोकलदास एक्सपोर्टस लि. गेंगलुरू में 38 तथा केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) भोपाल में 10 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, एमपी बिरला आईटीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 31 जनवरी को गुढ़ स्थित प्राचीन भैरवलोक का होगा अभिषेक व लोकार्पण, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रीवा। जिले की गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कैमोर पहाड़ श्रृंखला में स्थित ग्राम पंचायत चौड़ियार के ग्राम खाम्हडीह पहाड़ पर स्थित प्राचीन भैरवलोक एक बार फिर विंध्य अंचल की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक चेतना का केंद्र बनने जा रहा है। वर्षों की प्रतीक्षा के बाद यहां निर्मित भव्य भैरवलोक का 31 जनवरी को विधिवत अभिषेक एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और मंदिर का लोकार्पण करेंगे। करीब डेढ़ हजार वर्ष प्राचीन भगवान शिव के भैरव स्वरूप की यह विशालकाय प्रतिमा विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों के लिए भी गहरी आस्था का केंद्र रही है। कैमोर पर्वत श्रृंखला में स्थित यह स्थल प्राचीन काल से साधना, तपस्या और शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। क्षेत्रीय बाजपई विधायक नागेंद्र सिंह जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भव्य मंदिर का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है। 31 जनवरी को वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंदिर का विधिवत अभिषेक किया जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे विंध्य अंचल में उत्साह का माहौल है। वर्तमान में प्रतिदिन 1000 से 1500 श्रद्धालु भैरव बाबा के दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। आगे भाजपा विधायक



नागेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर के समग्र विकास के लिए मंदिर परिषद में गौशाला, संस्कृत विद्यालय, आईटीआई, पुलिस चौकी, बाउंड्री वॉल एवं भव्य सरोवर के निर्माण की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। साथ ही गोहाटी निवासी ऋषिराज जी को मंदिर का पुजारी नियुक्त करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। ऋषिराज जी रीवा आए थे मुलाकात हुई हैं और कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष भेंट कर अपनी बात रखेंगे।अद्वितीय शिल्पकला का उदाहरणइतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार भैरवनाथ की यह प्रतिमा अपनी विशालता, शिल्प सौंदर्य और प्राकृतिक चट्टान पर उकेरे गए स्वरूप के कारण अद्वितीय है। इसी विशेषता के कारण इस स्थल को मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा अधिसूचित एवं संरक्षित स्मारक का दर्जा प्राप्त है। बताया जा रहा है कि पूरे देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इस प्रकार की विशाल शिला से निर्मित भैरव प्रतिमा दुर्लभ है।पर्यटन और विकास को मिलेगा बढ़ावाभैरवलोक मंदिर के लोकार्पण के बाद यह स्थल धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय युवाओं को गाइड सेवा, परिवहन, होटल-धर्मशाला, प्रसाद, हस्तशिल्प एवं अन्य स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कैमोर अंचल विकास के नए पथ पर अग्रसर होगा। माना जा रहा है कि भविष्य में यह धाम मैहर की विंध्यवासिनी सहित विंध्य क्षेत्र के अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों की श्रेणी में शामिल होगा। बताया जाता है ही की एक हजार वर्ष पूर्व गुढ़ का पूरा इलाकका शिल्पकला हुआ करता था. लगभग 11 वीं शताब्दी पुरानी काल भैरव की प्रतिमा 8.50 मीटर लंबी और 3.70 मीटर चौड़ी हैं और कर्चुली कालीन की हैं बताया जाता है की कालभैरव की इतनी बड़ी प्रतिमा पूरे देश में और कहीं नहीं है. भैरव नाथ की प्रतिमा जमीन पर लेटी है. प्रतिमा का निर्माण एक ही चट्टान को ताराश कर बनाया गया हैं. कहा जाता है की काल भैरव की विशाल प्रतिमा जिस पत्थर को तराश कर बनाई है वह आस के क्षेत्र मे कही भी नहीं पाया जाता।

## गायत्री विद्यालय धौचट में निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



रीवा। बनकुइयां सेक्टर के धौचट में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत के गायत्री विद्यालय मे नवांकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें निः शुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं के मोतियाबिंद की जांच एवं बच्चों का निः शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। ग्राम वाशियो को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं नशा मुक्त की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में साइबर सिक्योरिटी, प्राकृतिक खेती तथा शुद्ध जल के महत्व के बारे मे जानकारी दी गई। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपड़ किया गया कर्यक्रम मे महेश प्रसाद शुक्ला नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया कार्यक्रम में बुजुर्गों महिलाओं और बच्चों का नेत्र परीक्षण एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के उद्देश्यों के साथ-साथ महत्वपूर्ण संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष सुश्री श्लेषा शुक्ला तमन्ना अंसारी, परामर्शदाता प्रशान्त शुक्ला ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धौचट समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सचिव राजकुमार नामदेव एवं सदस्य के साथ ही ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सरपंच एवं विद्यालय के शिक्षक अभिभावक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 12876 आवेदन पत्र दर्ज



रीवा । आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 12876 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2020 आवेदन पत्रों को मंजूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 1265, विकासखण्ड रीवा में 3373, विकासखण्ड सिरमौर में 3287, विकासखण्ड गंगेव में 1436, विकासखण्ड त्योंथर में 2447 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 524 आवेदन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 306, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 16, नगर परिषद चाकघाट में 92, नगर परिषद डभौरा में 32, नगर परिषद त्योंथर में 22, नगर परिषद गुढ़ में 31 तथा नगर परिषद सिरमौर में 45 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

# कोरियर के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी का भंडाफोड़,
## 26 हजार से अधिक कैप्सूल-टैबलेट जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कोरियर के माध्यम से की जा रही नशीली कैप्सूल व टैबलेट की तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बोलेरो वाहन से 26 हजार से अधिक नशीली कैप्सूल व टैबलेट जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मशरुका की कुल कीमत करीब 5 लाख 7 हजार 435 रुपये आंकी गई है। बता दे 19 जनवरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्वर रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी-17-का-4898 में दो व्यक्ति बड़ी मात्रा में नशीली टैबलेट लोड कर नीम चौराहा रीवा से इमली चौराहा करहिया नंबर-01 की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना चोरहटा पुलिस ने करहिया नंबर-01 इमली चौराहा के पास दबिश देकर घेराबंदी की और वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बोलेरो से कुल 26,005 नग नशीली कैप्सूल व टैबलेट बरामद की गईं। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमे सरजीत कुशवाहा उर्फ राजेश, पिता सुदर्शन कुशवाहा, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम अमवा, हाल निवासी करहिया नंबर-01, थाना चोरहटा, व मयंक कुशवाहा, पिता रामदीन कुशवाहा, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम किटवरिया, रीवा, हाल निवासी करहिया नंबर-01, थाना चोरहटा, शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि नशीली दवाओं की यह खेप कहां से लाई गई थी और किन-किन माध्यमों से इसकी सप्लाई की जानी थी।

### स्वयंसेवी संस्था आज लगाएगी निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

रीवा । स्वयंसेवी संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किरण सेवा संस्थान नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जाँच की जाएगी। रोगियों को निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित की जाएंगी। शिविर में सिकल सेल की भी जाँच की भी व्यवस्था की गई है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

### ननि संपत्तिकर वसूली में तालाबंदी के दौरान 2 बड़े बकायादारों में एक ने मौके पर चुकाया टैक्स एक पर हुई कार्रवाई

रीवा। शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है। वसूली अभियान को तेज करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज जोन क्रमांक-02 अंतर्गत सिरमौर चौराहा तानसेन काम्पलेक्श में कार्यवाही के दौरान सुनील कुमार मिश्रा की दुकान का बकाया किराया राशि 270999 रू. न जमा किये जाने पर दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की गई। साथ ही दुकान क्र. 115 शिववती शर्मा द्वारा दुकान की बकाया किराये की राशि तत्काल मौके में चेक के माध्यम से जमा की गई। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम की राजस्व टीम ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि न जमा करने वालो पर इसी तरह की तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# शंकराचार्य के परंपरागत शाही कुंभ स्नान को रोकना सरासर ग़लतः अजय खरे

## धर्म संसद कुंभ क्षेत्र में शंकराचार्य को अपमानित किया जाना धार्मिक आस्था और आजादी के साथ क्रूर खिलवाड़ मेला प्रशासन व्यवस्था बनाएं, बिगाड़े नहीं

रीवा। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने प्रयागराज कुंभ में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए दुर्व्यवहार की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह अप्रिय स्थिति उन्हें नीचा दिखाने का सरकारी षड़यंत्र है। खुद शंकराचार्य भी कह रहे हैं कि पिछले कुंभ में हुई भगदड़ से हजारों लोगों के हताहत होने की बात पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को जिम्मेदार ठहराने के कारण उनसे बदला लिया जा रहा है। श्री खरे ने कहा कि गत रविवार 18 जनवरी 2026 को प्रयागराज के संगम तट पर मौनी अमावस्या के दिन परम्परागत शाही स्नान के लिए पालकी से जा रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का मार्ग जिस तरह अवरुद्ध कर उनके शिष्यों के साथ मारपीट की गई और स्नान करने से रोका गया यह भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार की सरासर मनमानी और गुण्डागर्दी है। आमतौर पर देखने को मिलता है कि किसी भी महत्वपूर्ण व्यक्ति, धार्मिक राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों के काफिले के लिए व्यवस्था बनाई जाती है लेकिन कुंभ क्षेत्र में शंकराचार्य के दल-बल को रास्ता देने की जगह उन्हें रोककर बुरी तरह अपमानित किया गया और हद पारकर उनसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। मेला प्रशासन का काम शंकराचार्य के शाही स्नान के लिए रास्ता बनाना था, ना कि श्रृद्धालुओं की भीड़ के नाम पर व्यवधान डालना। श्री खरे ने कहा कि लंबे समय से ज्योतिष पीठ शंकराचार्य के लिए प्रयागराज कुंभ में शिविर लगाने का स्थान निर्धारित है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी उनका शिविर आवंटन हुआ है। सनातन परंपरा के सर्वोच्च गुरु ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मेला प्रशासन के द्वारा गैर जिम्मेदाराना तरीके से सवाल पूछना उचित नहीं है। उसे अपनी सीमाओं में रहना चाहिए। श्री खरे ने कहा कि झगड़ा फ़साद करने वाले संगठनों को भी कई बार प्रशासन के द्वारा केवल अनुमति नहीं बल्कि हुड़दंग मचाने की खुली छूट भी दे दी जाती है जिसके चलते सांप्रदायिक दंगे भड़क जाते हैं। दूसरी तरफ शंकराचार्य की शांतिपूर्ण पालकी यात्रा को उनके धर्म क्षेत्र में ही बाधित कर दिया गया। धर्म संसद कुंभ क्षेत्र में शंकराचार्य को अपमानित किया जाना धार्मिक आस्था और आजादी के साथ क्रूर खिलवाड़ है। श्री खरे ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार पर ईवीएम के जरिए वोट चोरी करके सरकार बनाने का विपक्ष का गंभीर आरोप है लेकिन क्या प्रशासन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को नोटिस भेजकर उनके पद के बारे में प्रमाण पत्र मांगने की हिम्मत है? एक बार डिग्री के बारे में ही पूछकर देख लें तो फिर क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है। श्री खरे ने कहा कि कुंभ धार्मिक आस्था का आयोजन है। जगतगुरु शंकराचार्य तो क्या किसी को भी गंगा स्नान करने से नहीं रोका जा सकता है। मेला प्रशासन व्यवस्था बनाए, बिगाड़े नहीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्नान करने आएंगे तो क्या मेला प्रशासन उनके लिए व्यवस्था नहीं बनाएगा? श्री खरे ने बताया कि 4 साल पहले 5 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को पंजाब के फिरोजपुर में होने वाली रैली में शामिल होने के लिए लुधियाना फिरोजपुर हाईवे पर जाते समय शाम के समय फिरोजपुर जिले के प्यारेना गांव के पास स्थित फ्लाईओवर पर 20 मिनट से ज्यादा फंसे रहना पड़ा। जैसे ही पीएम मोदी के काफिले को रुकना पड़ा तो एसपीजी कमांडोज हरकत में आ गए। इसे.प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक का गंभीर मामला मानकर गृह मंत्रालय की टीम दिल्ली से फिरोजपुर पहुंची। इतना ही नही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफिले के जाम में फंसने की घटना को अपनी जान के लिए खतरा बताया और वह कार्यक्रम रद्द करते हुए वापस चले गए। किसानों के प्रदर्शन के कारण हाईवे पर हुए जाम को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक कहा गया और पंजाब की तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर भी सवाल खड़ा किए गए। इसके साथ यह बात भी खूब प्रचारित हुई कि प्रधानमंत्री का काफिला जहां रोका गया वहां से पाकिस्तान की सीमा केवल 30 किलोमीटर दूर थी। ऐसी बातों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। दरअसल किसान आंदोलन के कारण जाम की स्थिति निर्मित हुई थी। कोई अप्रिय वारदात नहीं हुई लेकिन इस मामले को जबरदस्त तूल दिया गया। खराब मौसम से आकाश मार्ग में व्यवधान होने के कारण प्रधानमंत्री के लिए अचानक सड़क का मार्ग चुना गया था।श्री खरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कहने के लिए एक राजनीतिक दल ज़रूर है लेकिन उसके क्रिया-कलाप धर्म के नाम पर वोटों का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करके लंबे समय तक सत्ता पर बने रहकर पूंजीवादी व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

## बाल अधिकारों के बारे में जागरूक किये गए विद्यालय के बच्चे

मऊगंज



जिले के नईगढ़ी मे परमहंस विद्यापीठ विद्यालय में विद्यार्थियों को अहिंसा वेलफेयर सोसायटी जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बाल अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया विवाह के नियम, कानून एवं उससे होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उन्हें सशक्त बनाना रहा।कार्यक्रम के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी टीम से आशीष शुक्ला ने बच्चों को बाल विवाह निषेध कानून, शिक्षा का अधिकार और सुरक्षित भविष्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही समन्वयक ने बताया कि अगर किसी बच्चे या बच्ची को कोई परेशान करता है तो वे 1098 पर शिकायत कर सकती हैं। इसके अलावा उन्हें साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई । तथा बताया गया कि बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल न करें ।इस अवसर पर कक्षा 6वीं की छात्रा दिव्या विश्वकर्मा ने स्वयं मंच से बाल विवाह के नियमों तथा इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी प्रस्तुत की, जिसे सभी ने सराहा।कार्यक्रम में स्कूल के संचालक राकेश मिश्रा, प्राचार्य अभिषेक मिश्र, शिक्षक अमर मिश्रा सहित व्यंकटेश तिवारी, जितेंद्र तिवारी ,कविता मिश्रा, आकांक्षा तिवारी, शिवानी मिश्रा, मुस्कान सेन , प्रियंका तिवारी, खुशी विश्वकर्मा तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को जागरूक रहने और अपने अधिकारों की रक्षा करने का संदेश दिया।

### जिले में 4 लाख 18 हजार टन धान की हुई खरीदअब तक किसानों को 796.98 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

रीवा। जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन का कार्य पूरा हो गया है। जिले में 20 जनवरी तक 64793 किसानों से 4 लाख 18 हजार 163 टन धान का उपार्जन किया गया। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि कुल खरीदे गए धान में से 3 लाख 89 हजार 646 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 4 लाख 17 हजार 777 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 96 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 87 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

## मऊगंज में प्रजापति समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



मऊगंजः कलेक्टर कार्यालय में प्रजापति समाज के लोगों ने एकजुट होकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी गंभीर समस्या को सामने रखा और शीघ्र समाधान की मांग की।प्रजापति समाज के लोगों का कहना है कि वर्तमान में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इस कारण समाज के लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर छात्र-छात्राएं नौकरी, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित संबंधित विभागों और कार्यालयों में लगातार आवेदन दिए हैं, लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जाति प्रमाण पत्र जारी न होने से प्रजापति समाज के लोगों में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है।ज्ञापन सौंपते समय समाज के लोगों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही पोर्टल पर प्रजापति समाज का जाति प्रमाण पत्र बनाना शुरू नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन करने के लिए वे बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस गंभीर विषय को प्राथमिकता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि समाज के लोगों को उनका अधिकार मिल सके।कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में समस्या के समाधान की मांग की।